# DHARAVI COMPILED MEDIA REPORT
## 28 Mar, 2025 - 29 Mar, 2025

### Total Mention 5

| Print | Financial | Mainline | Regional | Periodical |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | N/A | N/A | 1 | N/A |

| Tv | Business | English | Hindi | Regional |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| N/A | N/A | N/A | N/A | N/A |

| Online |
| --- |
| 4 |

## Print

| No | Newspaper | Headline | Edition | Pg |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Navbharat | Dharavi redevelopment project gains momentum | Mumbai | 4 |

Navbharat • 29 Mar • Dharavi

## Dharavi redevelopment project gains momentum

| 4 • PG | 188 • Sqcm | 141089 • AVE | 675K • Cir | Bottom Right | Mumbai Plus |
|---|---|---|---|---|---|

Mumbai

# धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में गति

## 15 अप्रैल तक जमा होंगे दस्तावेज, ऊपरी मंजिल के लोगों को भी आवास

■ मुंबई, (सं). धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट के लिए सरकार द्वारा किये गये सर्वेक्षण में 63,000 घरों का आंकड़ा पार करने के बाद और लगभग 60,000 भूमंजिला यूनिट के पूर्व के बेंचमार्क पार करने के दो दिन बाद, राज्य सरकार ने कागजात जमा कराने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी है. इस कदम का उद्देश्य विश्व के इस सबसे बड़े पुनर्विकास प्रोजेक्ट का लाभ सभी धारावीकरों को प्रदान करना है. वही सामान्य झोपड़पट्टी पुनर्वसन (SRA) प्रोजेक्ट्स के विपरीत, धारावी रिडेवलपमेंट एक ऐसी पहल है, जिसमें अयोग्य (ऊपरी मंजिल के) निवासियों को भी रसोईघर, पाईप गैस, शौचालय जैसी सुविधाओं वाले आवास दिए जायेंगे. धारावी प्रोजेक्ट के लिए गठित संयुक्त उपक्रम नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड लगभग 1.50 लाख आवासों का निर्माण करेगा.

राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में घोषणा की थी कि यह प्रोजेक्ट सबको समाविष्ट करेगा. राज्य सरकार सबके लिए घर देने के अपने वचन के प्रति प्रतिबद्ध है. जो लोग आवास हेतु अयोग्य हैं, उन्हें 12 सालों के लिए किराये के आवास दिये जायेंगे. 12 साल



पूर्ण होने के बाद इसे मानदंडों और प्रक्रियाओं के अनुसार उनके नाम पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा.'' सर्वेक्षण का काम पहले से ही चल रहा है और राज्य सरकार ने धारावी के पुनर्विकास में तेजी ला दी है. महाराष्ट्र सरकार की संस्था डीआरपी ने धारावीकरों को ''धारावी के रिडेवलपमेंट के साथ परिवर्तन का हिस्सा बनने हेतु'' विनती की है. जिनका अब तक सर्वे नहीं किया गया है, ऐसे निवासी दस्तावेज सबमिट कराने की सुविधा हेतु 1800-268-8888 नंबर पर डायल कर सकते हैं या surveydharavi@gmail.com पर मेल कर सकते हैं. माहिम-पूर्व में नवभारत मेगा डेवलपर्स के टेनन्ट मैनेजमेंट कार्यालय से भी जानकारी ले सकते हैं.

### प्रोजेक्ट का लाभ सभी को मिलेगा : श्रीनिवास

धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट (DRP) के सीईओ एसवीआर श्रीनिवास ने बताया कि यह रिडेवलपमेंट योजना सिर्फ भूमिगत मकानों तक ही मर्यादित नहीं हैं, बल्कि ऊपरी मंजिलों के आवासों को भी कवर कर लेती है. इससे स्पष्ट होता है कि सरकार सबके लिए आवास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. धारावी प्रोजेक्ट का लाभ सभी को मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा. मौजूदा सर्वे नम्बरों के मुताबिक, 95,000 से ज्यादा आवासों के लिए गलियों की पहचान पूरी हो चुकी है, 89,000 से ज्यादा आवासों को नम्बर दिये गये हैं और 63,000 से ज्यादा आवासों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया है. मौजूदा सर्वे में भूमिगत आवास और ऊपरी मंजिल के ढांचे, मौजूदा SRA बिल्डिंगों और RLDA भूमि में झुग्गीवासियों के साथ-साथ सभी धार्मिक संरचनाएं भी शामिल हैं. टेंडर के मानदंडों के अनुसार, सभी पात्र धारावीकरों का धारावी में ही पुनर्वसन कराया जायेगा. अनुपयुक्त पाए जाने वालों को धारावी के बाहर आधुनिक टाउनशिप में स्थानांतरित किया जाएगा. जिसमें व्यापक सुविधाएं और आधुनिक बुनियादी ढांचा होंगे.

## Online Coverage

| No | Portal Name | Headline (Incorporated with URL) | Reach |
|---|---|---|---|
| 1. | Indian Express | Indian Express Power List 2025 | 90.9M |
| 2. | Divyabhaskar | સિટી એન્કર: ધારાવીમાં ઉપલા માળ સહિત 63,000 ટેનામેન્ટ માટે ઘરગથ્થુ સર્વે પૂર્ણ | 10M |
| 3. | Construction World | Adani-Maharashtra SPV to Sell 10-12.5 Million Sq Ft Annually | N/A |
| 4. | Gurjar Bhoomi | ધારાવીમાં ઉપલા માળ સહિત 63,000 ટેનામેન્ટ સર્વે પૂર્ણ | N/A |